# घग्घर के बढ़ते जलस्तर ने बढ़ाई चिंता प्रशासन सतर्क, टीमें कर रहीं पेट्रोलिंग

## ▶▶ ओटू हेड के गेट भी खोले ▶▶ राजस्थान की तरफ पानी छोड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

घग्घर नदी में बढ़ते जलस्तर ने ग्रामीणों व किसानों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। तटबंधों के पास बसे ग्रामीण जलस्तर को लेकर सतर्क हैं। प्रशासनिक मशीनरी भी एक्टिव हो गई है। गत दिवस भी नेजाडेला कलां के नजदीक रिंग बांध टूटने से सैकड़ों एकड़ फसल जलमग्न है और इसकी चपेट में ट्यूबवेल व ट्रांसफार्मर आ गए। वीरवार को सरदूलगढ़ में सुबह हरियाणा की तरफ 35820 क्यूसिक पानी मापा गया, वहीं सायं को बढ़कर 37180 क्यूसिक तक पहुंच गया। बढ़ते जलस्तर को देखते हुए ओटू हेड के गेट खोल दिए गए हैं और राजस्थान की तरफ पानी छोड़ दिया गया है। एडीसी वीरेंद्र सहारावत ने बताया कि घग्गर के जलस्तर में बढ़ोतरी पर सिंचाई विभाग और जिला प्रशासन द्वारा लगातार बारीकी से निगरानी रखी जा रही है, प्रशासनिक टीमें दिन-रात पेट्रोलिंग कर रही है। एडीसी ने दूसरे विभागों के अधिकारियों से कहा कि वे सिंचाई विभाग से तालमेल कर काम करें। विभिन्न विभागों से पर्याप्त हैवी मशीनरी की भी जानकारी ली।



सिरसा। घग्घर के तटबंधों का जायजा लेते सिरसा के एसडीएम।

### घग्गर बांध का एसडीएम ने किया निरीक्षण

घग्गर में बढ़ रहे जलस्तर को लेकर जिला के जिला प्रशासन अलर्ट पर हैं, वीरवार को एसडीएम राजेंद्र कुमार ने गांव मीरपुर में घग्गर बांध का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे दिन रात घग्गर नदी के तटबंधों का निरीक्षण करते रहें। कमजोर तटबंधों पर मिट्टी डालकर मजबूत करें।

### मोरखी-भिड़ताना की 500 एकड़ धान की फसल बरसात से डूबी



फसल में चार से पांच फूट तक पानी खड़ा निकासी की मांग

जींद। बरसाती पानी से डूबी फसल।

जींद। गांव मोरखी व भिड़ताना की लगभग 500 एकड़ में बारिश का पानी चार से पांच फूट भर गया है। इससे फसलों पर खतरा मंडराने लगा है। उधर, अधिकारियों का दावा है कि 24 घंटों के अंदर खेतों में जमा पानी निकाल दिया जाएगा ऐसा होता संभव नहीं दिख रहा है। बारिश का सीजन शुरु होने से पहले जिला स्तर पर पानी की निकासी के लिए योजना तैयार की गई थी। मानसून सीजन में जैसे ही बारिश हुई तो अधिकारियों के दावों को हिला कर रख दिया है। जिसके चलते गांव भंभेवा, मोरखी, भिड़ताना, मालश्रीखेड़ा, लुदाना, ललितखेड़ा, धड़ौली आदि गांवों के खेतों में बरसाती पानी जमा हो गया है। हालात तब हैं जब बारिश को बंद हुए 24 घंटे बीत चुके हैं और खेतों में पानी ही पानी दिखाई दे रहा है। गांव मोरखी निवासी विजेंद्र, सुनील, सियाराम, सुल्तान, राजेश, बिट्टू, भिड़ताना निवासी राममेहर, नोनी, काला, बागा आदि ने बताया कि अगर पानी लम्बे समय तक खेतों में खड़ा रहता है तो उनकी धान की फसल बर्बाद हो जाएगी।

## दो राइस मिलों से 1.92 करोड़ के चावल हड़पे

यमुनानगर। तीन भाइयों ने दो राइस मिलों से एक करोड़ 92 लाख के चावल हड़प लिए। आरोपियों ने फर्म के नाम जो चेक दिए। वह क्लीयर नहीं हुए। प्रतापनगर निवासी गगन शर्मा व राजकुमारी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी भारद्वाज एग्रो फूडस फर्म तथा मैसर्ज गुरबानी राइस मिल के नाम से फर्म है। उप्र के सहारनपुर के गांव मोहिदीनपुर निवासी नावेद, राशीद व सहताब तीनों सगे प्रतापनगर क्षेत्र में स्थित राइस मिलों में फोरमैन का काम करते थे। साथ ही आरोपी मिलों से चावल उठाने व अन्य कार्यों के लिए श्रमिक उपलब्ध करवाते थे। इस कारण वह उनके संपर्क में आए। गगन ने बताया कि अक्तूबर 2024 को आरोपियों पर विश्वास करके उन्हें 93 लाख 73 हजार के चावल तथा राजकुमारी ने बताया कि उन्होंने 99 लाख 20 हजार के चावल दे दिए। आरोपियों ने पैसे नहीं दिए। बाद में आरोपियों ने फर्म के नाम उन्हें चेक दिए। वह क्लीयर नहीं हुए। पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज किया है।

## वेंडर की हत्या, सिर व चेहरे पर तेजधार हथियार से किए वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

■ हत्यारोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

बोलनी गांव में बुधवार की रात एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने दो सगे भाइयों सहित चार पर हत्या का केस दर्ज किया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। बोलनी निवासी योगेश(37) बुधवार सायं घर से निकला था। दोस्तों के साथ स्कूल की चारदीवारी के पास शराब पी रहा था। इसी दौरान गांव के कालिया और उसका भाई भूरिया सहित चार लोग वहां आए। इन लोगों ने योगश पर डंडों और धारदार हथियार से वार कर दिए। बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। दोस्तों ने परिजनों को सूचना दी।

### चार पर केस दर्ज

सूचना पर योगेश का ताऊ रामकिशन मौके पर पहुंचे उसको सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां से पीजीआई रोहतक के लिए रेफर कर दिया गया। परिजन उसे प्राइवेट अस्पताल ले गए। देर रात उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। कसोला पुलिस ने दो नामजद भाइयों सहित चार पर हत्या का केस दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। योगेश रेलवे स्टेशन पर वेंडर था। वह पिता का इकलौता बेटा था। उसकी चार साल पहले शादी हुई थी। उसे 3 साल की बेटी है। पुलिस ने दो को हिरासत में लिया है, अभी गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं हुई है।

## एक करोड़ का चूरापोस्त पकड़ा, दो गिरफ्तार

सिरसा। सिरसा जिला के डिंग थाना क्षेत्र से पुलिस ने कैंटर सवार दो अंतराज्यीय नशा तस्करों को पकड़ा है, दो फरार हो गए। पुलिस ने उनके कब्जे से करीब एक करोड़ का चूरापोस्त बरामद किया है। सिरसा के एसपी डॉ. मयंक गुप्ता ने कार्रवाई उप्र के सहारनपुर टास्क फोर्स (एएनटीएफ) से मिली सूचना पर पुलिस ने गांव पतली डाबर बस स्टैंड डिंग रोड पर नाका लगा कर वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। कुछ देर बाद तिरपाल से ढका कैंटर को पुलिस ने रूकने का इशारा किया, उसमे सवार दोनों युवक भागने लगे। चालक ने पहचान सदाम हुसैन पुत्र बाबूखान निवासी मप्र हाल निवासी हथुनिया प्रतापगढ़ राजस्थान व साथी ने नादर खान उर्फ बाटिया पुत्र नासीर खान निवासी हथुनिया प्रतापगढ़ राजस्थान के रूप में करवाई, जबकि दो आरोपी फरार हो गए। कैंटर से 1548 किलो चूरापोस्त बरामद हुआ। इसकी कीमत करीब एक करोड़ रुपये आकी गई है। फरार आरोपियों की तलाश के लिए छापेमारी जारी है।






